# रिश्वतखोरी पर सीबीआई का शिकंजा : जीएसटी दफ्तर में सहायक आयुक्त रंगेहाथ गिरफ्तार

▶ टीम ने 1.5 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) विभाग के दफ्तर में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की टीम ने अचानक छापेमारी करते हुए सहायक आयुक्त शंकर परमार को रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान आरोपी अधिकारी को 1.5 लाख रुपये की रिश्वत स्वीकार करते हुए पकड़ा गया।

सीबीआई द्वारा 31 मार्च 2026 को दर्ज किए गए इस प्रकरण में सहायक आयुक्त शंकर परमार के साथ निजी व्यक्ति सुरेश मनसुखानी को भी आरोपी बनाया गया है। दोनों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 61(2) और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधित 2018) की धारा 7 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

जानकारी के अनुसार, सीबीआई को 30 जनवरी 2026 को एक शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि सीजीएसटी रतलाम के अधिकारी एक फर्म के खिलाफ जीएसटी कार्रवाई नहीं करने के बदले रिश्वत की मांग कर रहे हैं। शिकायतकर्ता की फर्म जावरा क्षेत्र की बताई जा रही है ।सीबीआई द्वारा की गई प्रारंभिक जांच और सत्यापन में यह तथ्य सामने आया कि सहायक आयुक्त शंकर परमार ने एक बिचौलिए के माध्यम से शिकायतकर्ता से 5 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। इसके बाद सीबीआई ने योजनाबद्ध तरीके से ट्रैप कार्रवाई की योजना बनाई। मंगलवार को सीबीआई टीम ने सीजीएसटी कार्यालय रतलाम में जाल बिछाया और आरोपी अधिकारी को बिचौलिए के जरिए 1.5 लाख रुपये की रिश्वत स्वीकार करते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई से विभाग में हड़कंप की स्थिति बन गई और देर रात तक पूछताछ का दौर चलता रहा।

कार्रवाई के बाद सीबीआई टीम ने आरोपितों के ठिकानों पर भी तलाशी अभियान चलाया। अधिकारियों का कहना है कि मामले में अन्य लोगों की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है। इस कार्रवाई को भ्रष्टाचार के खिलाफ एक बड़ी और सख्त पहल के रूप में देखा जा रहा है।

### ▶ सीबीआई को जनवरी में की थी शिकायत

सीबीआई को 30 जनवरी 2026 को एक शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि सीजीएसटी रतलाम के अधिकारी एक फर्म के खिलाफ जीएसटी कार्रवाई नहीं करने के बदले रिश्वत की मांग कर रहे हैं। शिकायतकर्ता की फर्म जावरा क्षेत्र की बताई जा रही है। सीबीआई द्वारा की गई प्रारंभिक जांच और सत्यापन में यह तथ्य सामने आया कि सहायक आयुक्त शंकर परमार ने एक बिचौलिए के माध्यम से शिकायतकर्ता से 5 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। इसके बाद सीबीआई ने योजनाबद्ध तरीके से ट्रैप कार्रवाई की योजना बनाई।

# स्पा सेंटरों पर पुलिस का सख्त पहरा आकस्मिक जांच से मचा हड़कंप

▶ एसपी के निर्देश पर रतलाम पुलिस ने चलाया विशेष अभियान



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शहर में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण और कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से रतलाम पुलिस द्वारा होटल, लॉज एवं स्पा सेंटरों की लगातार जांच की जा रही है। एसपी अमित कुमार के निर्देश पर यह विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है।

इसी क्रम में 31 मार्च 2026 को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार के मार्गदर्शन में थाना औद्योगिक क्षेत्र अंतर्गत स्पा सेंटरों की आकस्मिक जांच की गई। पुलिस टीम ने कस्तूरबा नगर स्थित सेवन मिरर स्पा सेंटर एवं क्रिस्टल स्पा सेंटर का निरीक्षण किया। जांच के दौरान स्टाफ से पूछताछ कर उनकी पहचान संबंधी जानकारी जुटाई गई और स्पा सेंटर में मौजूद कमरों की बारीकी से तलाशी ली गई। साथ ही मेंटेनेंस रजिस्टर, स्टाफ विवरण, आगंतुक रिकॉर्ड सहित अन्य जरूरी दस्तावेजों की भी जांच की गई।

पुलिस ने स्पा संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कर्मचारियों का सत्यापन अनिवार्य रूप से कराया जाए, रजिस्टर का नियमित संधारण किया जाए और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दी जाए। इस कार्रवाई में उप पुलिस अधीक्षक सुश्री अनिशा जैन, महिला थाना प्रभारी निरीक्षक रेखा चौधरी सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। रतलाम पुलिस ने स्पष्ट किया है कि शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए यह जांच अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## एक नजर में

### आंगनवाड़ी केन्द्रों का औचक निरीक्षण, तीन परियोजना अधिकारियों को थमाए नोटिस

**रतलाम।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रामनिवास बुधोलिया ने बताया कि कलेक्टर मिशा सिंह के निर्देशानुसार जिले में संचालित आंगनवाड़ी केन्द्रों की मॉनीटरिंग हेतु विकसित व्यवस्था के अंतर्गत जिले के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुछ केन्द्रों पर स्व सहायता समुह द्वारा निर्धारित मेनू अनुसार ताजा पका हुआ भोजन प्रदाय नहीं जा रहा था। कार्य में लापरवाही बरतने के कारण 3 परियोजना अधिकारी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए एवं 4 स्व सहायता समुह का एक दिवस के पोषण आहार की राशि का कटौत्रा किया गया। निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी केंद्र इंद्रलोक नगर( रतलाम शहर1), आंगनवाड़ी केंद्र आक्यापाडा (रतलाम शहर 2), आंगनवाड़ी केंद्र ब्रह्मांड गली जावरा शहर (जावरा शहर), आंगनवाड़ी केंद्र कलालिया-1(जावरा ग्रामीण) पर निर्धारित मेनू अनुसार ताजा पका हुआ भोजन प्रदाय नहीं जा रहा था। परियोजना अधिकारी रतलाम शहर -1 श्रीमती चेतना गेहलोद, परियोजना अधिकारी जावरा ग्रामीण श्रीमती अंकिता पाटीदार, प्रभारी परियोजना अधिकारी रतलाम ग्रामीण-2 सुश्री फ़िरदोज खान को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया एवं अंबिका स्व सहायता समुह, वात्सल्य स्व सहायता समुह, वैभव लक्ष्मी स्व सहायता समुह, अन्नदाता स्व सहायता समुह का एक दिवस के पोषण आहार की राशि का देयक अमान्य कर राशि कटौत्रा की गई।

### हनुमान जन्मोत्सव : सनातन सोशल ग्रुप करेगा श्रद्धालुओं को 3 टन लस्सी वितरण की सेवा

**रतलाम।** केसरी नंदन बालाजी महाराज के जन्म उत्सव पर सनातन सोशल ग्रुप 3 टन केसरिया लस्सी का वितरण करेगा। सनातन सोशल ग्रुप द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्रद्धालुओं को लस्सी वितरण का भव्य आयोजन किया जा रहा है। 2 अप्रैल 2026 को सैलाना रोड स्थित बरबड़ हनुमान मंदिर पहुंच मार्ग स्थित होटल श्री जी के बाहर शाम 7 बजे से सनातन सोशल ग्रुप द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्रद्धालुओं को लस्सी वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में सनातन सोशल ग्रुप द्वारा श्रद्धालु जनों की सेवा की जाएगी। सनातन सोशल ग्रुप संयोजक मुन्नालाल शर्मा और अध्यक्ष अनिल पुरोहित (एपी) ने बताया 2 अप्रैल-2026 (गुरुवार) को केसरी नंदन बालाजी महाराज के जन्म उत्सव पर सनातन सोशल ग्रुप 3 टन केसरिया लस्सी का वितरण कर धूमधाम से मनाया जाएगा। सनातन सोशल ग्रुप संरक्षक और भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय सहित पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा, बजरंग पुरोहित, मनोहर पोरवाल, प्रवीण सोनी, राजेश माहेश्वरी, संदीप व्यास, कैलाश झालानी, राजेश दवे, प्रभु राठौड़, अशोक पंड्या, पवन सोमानी, निलेश पटेल, महेंद्र भट्ट, बलवंत भाटी, निमिष व्यास, नरेंद्र जोशी, शैलेंद्र तिवारी, शांतिलाल शर्मा, बद्रीलाल परिहार, राजेंद्र पाटीदार, सचिव रवि पंवार, उपाध्यक्ष निलेश सोनी, विशाल जायसवाल, नरेंद्र बाहेती, पप्पू माहेश्वरी, वीरेंद्र अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, हितेश कामरेड, मंगल लोढ़ा आदि ने धर्मनिष्ठ श्रद्धालुजनों से भगवान हनुमान जी के जन्मोत्सव पर प्रसादी स्वरूप लस्सी वितरण कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया है।

### सरसों भावांतर योजना अंतर्गत खरीदी 16 अप्रैल से होगी शुरू

**रतलाम।** रबी 2025-26 के लिए सरसों भावांतर योजना के अंतर्गत पंजीकृत कृषकों के गहन सत्यापन के बाद योजना के क्रियान्वयन की तिथि में बदलाव किया गया है। पूर्व में यह योजना 1 अप्रैल से प्रारंभ होना प्रस्तावित थी, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए अब इसे 16 अप्रैल 2026 से लागू किया जाएगा।

### जनगणना में मकान सूचीकरण स्वगणना की सुविधा 16 अप्रैल से

**रतलाम।** आगामी जनगणना प्रक्रिया के तहत मकान सूचीकरण चरण में नागरिकों को स्वगणना की सुविधा प्रदान की गई है। स्वगणना कार्यक्रम 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक कोई भी व्यक्ति स्वयं आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज कर सकता है। स्वगणना करने पर संबंधित व्यक्ति को एक रेफरेंस नंबर प्राप्त होगा। इसके बाद 1 मई से 30 मई के बीच जब प्रगणक घर-घर सर्वे के लिए आएंगे, तब नागरिकों को यह रेफरेंस नंबर उपलब्ध कराना होगा। प्रगणक द्वारा इस नंबर का सत्यापन कर अंतिम रूप से जानकारी सबमिट की जाएगी। प्रशासन द्वारा सभी नागरिकों से इस सुविधा का अधिकतम लाभ उठाने और जनगणना प्रक्रिया को सरल एवं सटीक बनाने में सहयोग करने का आग्रह किया गया है।

### ट्रस्टी मनोनीत होने पर मेहता का किया सम्मान

**जावरा।** श्री चिंतामणि पार्श्वनाथ भक्त मण्डल के सदस्य मुकेश मेहता को श्री 1008 पार्श्व जिन मंदिर ट्रस्ट मण्डल, पानवा (गुजरात) में ट्रस्टी मनोनीत किए जाने पर मण्डल के पदाधिकारियों ने उनके निवास पहुंचकर शाल, श्रीफल एवं मोतियों की माला पहनाकर सम्मानित किया। यह नियुक्ति तीर्थ संस्थापक राष्टांत गच्छाधिपति आचार्य देवेश श्रीमद विजय लेखेन्द्रसूरीश्वरजी मसा द्वारा की गई। ट्रस्ट अध्यक्ष घेवरचंद दोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि पूरे मालवा क्षेत्र से यह एकमात्र नियुक्ति मेहता की हुई है, इस अवसर पर राजकुमार हरण ने कहा कि मेहता के ट्रस्टी बनने से जावरा के जैन समाज सहित भक्त मण्डल को भी लाभ मिलेगा। संजय मेहता ने कहा कि वे मण्डल के प्रत्येक कार्य में बढ़-चढ़कर सहयोग करते हैं। इस अवसर पर मण्डल के राजकुमार मारवाड़ी, प्रदीप बोरदिया, दिनेश ओस्तवाल, कमल चोरडिया, राजेन्द्र बोहरा एवं उज्ज्वल भंडारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# पुस्तकें-साइकिल पाकर खिले विद्यार्थियों के चेहरे




▶ जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव का हुआ आयोजन

**रतलाम।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रतलाम में जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया एवं पाठ्य पुस्तक प्रदाय की गई। विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा साइकिल प्रदाय की गई।

भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संबोधन का लाईव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, नगर निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, कलेक्टर मिशा सिंह, क्षेत्रीय पार्षद अनीता कटारा, भोपाल से ओआईसी आरएसके वैभव श्रीवास्तव, जेडी कार्यालय से सहायक संचालक क्रीड़ा रामसिंह बनिहार (प्रेक्षक), जिला शिक्षा अधिकारी अशोक लोढ़ा, प्राचार्य सुभाष कुमावत, डीपीसी राजेश झा, योजना अधिकारी जितेंद्र जोशी, जिला क्रीड़ा अधिकारी दीपेन्द्र ठाकुर, एपीसी मुकेश राठौर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एमएल डामर एवं बीआरसी विवेक नागर सहित अन्य शिक्षक, विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित थे। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक लोढ़ा ने स्वागत भाषण दिया। बीआरसी विवेक नागर द्वारा प्रवेशोत्सव की रूपरेखा रखी गई एवं आभार प्रदर्शन किया गया।

जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि प्रवेशोत्सव केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि शिक्षा के प्रति समाज की जागरूकता और जिम्मेदारी का प्रतीक है। कलेक्टर मिशा सिंह ने कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता प्राप्त करने का सबसे सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम में कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों को नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकें तथा 12 विद्यार्थियों को नि:शुल्क साइकिलें वितरित की गईं, जिससे बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। प्राचार्य सुभाष कुमावत ने बताया कि विद्यालय परिवार विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास शैक्षणिक, नैतिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद के लिए निरंतर प्रयासरत है। संचालन आशीष दशोत्तर द्वारा किया गया।

### शर्मा ने ग्रहण किया पीआरआई का पदभार



**रतलाम।** पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय रतलाम के जनसंपर्क विभाग में संदीप शर्मा ने बुधवार को मुख्य जनसंपर्क निरीक्षक के रूप में पदभार ग्रहण किया।

संदीप शर्मा इससे पूर्व जनसंपर्क कार्यालय इंदौर में मुख्य जनसंपर्क निरीक्षक के पद पर अपनी कुशल सेवाएं दे चुके हैं। वे मुख्य जनसंपर्क कार्यालय/चर्चगेट में भी वरिष्ठ जनसंपर्क निरीक्षक के रूप में सफलतापूर्वक पदस्थ रह चुके हैं, जहां उन्होंने रेलवे की छवि को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# मंत्री काश्यप ने ज्ञानोदय अभियान में दिया 5 लाख 94 हजार का फर्नीचर



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जिले में विद्यालयों को टाट पट्टी मुक्त करने के लिए चलाये जा रहे ज्ञानोदय अभियान में अधिकारियों/कर्मचारियों सहित जनप्रतिनिधियों द्वारा भी बढ़-चढ़कर सहयोग किया जा रहा है।

रतलाम शहर विधानसभा क्षेत्र से विधायक एवं कैबिनेट मंत्री एवं सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री मध्यप्रदेश शासन चेतन्य काश्यप ने अपनी विधायक निधि से 5 लाख 94 हजार रुपए स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए फर्नीचर( बेंच) की व्यवस्था हेतु स्वीकृत की है। उल्लेखनीय है कि जिले मे कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह व सीईओ जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन के मार्गदर्शन में प्राथमिक विद्यालयों की दशा सुधारने एवं टाट पट्टी मुक्त बनाने के उद्देश्य से ज्ञानोदय अभियान चलाया जा रहा है। विधानसभा क्षेत्र रतलाम शहर 220 के 15 स्कूलों के लिए 5 लाख 94 हजार रुपए की राशि विधायक निधि से स्वीकृत की गई है। क्षेत्र के प्रा. विद्यालय सुभाष नगर, प्रा. विद्यालय श्री शारदा, प्रा. विद्यालय राजेंद्र, प्रा. विद्यालय नूतन, शा. प्रा. विद्यालय रविंद्र, प्रा. विद्यालय जवाहर, प्रा. विद्यालय बिरयाखेड़ी, प्रा. विद्यालय गांधीनगर, प्रा. विद्यालय प्रताप नगर, प्रा. विद्यालय विनोबा इंग्लिश मीडियम, प्रा. विद्यालय ब्राह्मणवास होमगार्ड कॉलोनी, प्रा. विद्यालय खेतलपुर, प्रा. विद्यालय लोकमान्य तिलक, शा.प्रा. विद्यालय करमदी, प्रा. विद्यालय मथुरी में छात्र छात्राओं के बैठने के लिए फर्नीचर व्यवस्था प्रदान की गई ।

# युवा विधायक सम्मेलन में गूंजी आदिवासी अंचल की आवाज

**सैलाना।** राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) के तत्वावधान में आयोजित तीन राज्यों के युवा विधायकों के सम्मेलन में सैलाना विधायक कमलेश्वर डोडियार शामिल हुए। श्री डोडिया का संबोधन न केवल चर्चा का केंद्र बना, बल्कि आदिवासी क्षेत्रों की जमीनी हकीकत को राष्ट्रीय मंच पर रखने वाला साबित हुआ।

भाषण के वीडियो सामने आते ही क्षेत्र में हलचल तेज हो गई है और आमजन के बीच इस पर व्यापक चर्चा शुरू हो गई है। विधायक डोडियार ने अपने संबोधन में लोकतंत्र की मूल भावना को रेखांकित करते हुए अब्राहम लिंकन की प्रसिद्ध परिभाषा जनता का, जनता के द्वारा जनता के लिए का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जनता अपने प्रतिनिधियों को बड़ी उम्मीदों के साथ चुनकर भेजती है, लेकिन जब वही प्रतिनिधि अपने क्षेत्र की सड़क, पानी, बिजली, शिक्षा और सिंचाई जैसी मूलभूत समस्याएं उठाते हैं, तो उन्हें गंभीरता से नहीं लिया जाता। उन्होंने सरकार पर सीधा आरोप लगाते हुए कहा कि बजट आवंटन में आदिवासी क्षेत्रों के साथ भेदभाव होता है, जिससे विकास की गति प्रभावित होती है। डोडियार ने स्पष्ट कहा कि आदिवासी अंचलों की समस्याएं सामान्य क्षेत्रों से कहीं अधिक जटिल हैं और उनके समाधान के लिए विशेष प्राथमिकता की आवश्यकता है। सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर की मौजूदगी में डोडियार ने विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को लेकर भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि यदि देश को विकसित बनाना है तो सरकारों को जमीनी स्तर पर शिक्षा, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं पर गंभीरता से काम करना होगा।

### अग्निवीर भर्ती 2026 के लिए आवेदन की तारीख बढ़ी

**रतलाम।** अग्निवीर पदों के लिए पंजीकरण 10 अप्रैल तक भारतीय सेना अग्निवीर (पुरुष) जनरल ड्यूटी (जीडी ) के लिए योग्यता 10वीं पास, ट्रेड्समेन के लिए योग्यता 8 वीं एवं 10 वीं पास, क्लर्क/एसकेटी के लिए 12 वीं पास एवं तकनीकी के लिए योग्यता 10 वीं एवं 12 वीं पास तथा महिला सैन्य पुलिस के लिए योग्यता 10 वीं पास आवेदन कर सकते है। साथ ही स्थायी पदों के लिए नर्सिंग असिस्टेंट सिपाही फार्मा के पद भी उपलब्ध हैं। पंजीकरण की तिथि 13 फरवरी से 10 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। विस्तृत जानकारी एवं पंजीकरण के लिए भारतीय सेना की वेबसाइट पर जाएं या 7648815570 एआरओ महू, 9479900334 एआरओ ग्वालियर 9039018588 एआरओ भोपाल, 7247028996 एआरओ जबलपुर पर संपर्क कर सकते हैं।

# एमआरपी से अधिक कीमत पर आइसक्रीम कोल्ड ड्रिंक और पानी बेचने वालों पर प्रकरण




**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जिले में एमआरपी से अधिक दामों पर आइसक्रीम आदि बेचने वाले दुकानदारों पर केस दर्ज किया गया है। नियंत्रक नापतौल मध्य प्रदेश भोपाल ब्रजेश सक्सेना के माध्यम से भारत सरकार के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग दिल्ली के शिकायत पोर्टल कंज्यूमर हेल्पलाइन पर घोषित मूल्य से अधिक मूल्य पर आइसक्रीम, कोल्ड ड्रिंक और पानी बोटल पैकेज विक्रय करने की शिकायत प्राप्त होने पर नियंत्रक नापतोल मप्र भोपाल और कलेक्टर मिशा सिंह के निर्देशानुसार सहायक नियंत्रक/निरीक्षक नापतौल भारत भूषण द्वारा दल के साथ जांच अभियान चलाकर कार्रवाई की गई। इसमें विभागीय कर्मचारी गोतमलाल मईड़ा को ग्राहक बनाकर मे. महाकाल रेस्टोरेंट, महु नीमच रोड, सिमलावदा, मे. श्री बालाजी किराना, महु नीमच रोड, सिमलावदा, मे. सांई किराना एण्ड रेस्टोरेन्ट, महु नीमच रोड, सातरुंडा चौराहा, मे. राठौर ज्युस सेन्टर, लक्कडपीठा रतलाम पर भेज कर आईसक्रीम, कोल्ड ड्रिंक और पानी बोटल पैकेट खरीदवाये गये जिसमें उक्त दुकानों पर घोषित मूल्य से अधिक मूल्य पर आईसक्रीम, कोल्ड ड्रिंक और पानी बोटल पैकेज विक्रय किये जाने पर आपराधिक प्रकरण विधिक मापविज्ञान (पैकेज वस्तुऐं) नियम- 2011 के उल्लघंन और दण्डनीय होने से केस दर्ज किया। जांच दल में कैलाश चंद्र शर्मा, गोतमलाल मईड़ा, मोहनलाल खैर और मयंक गोयल थे। भारत भूषण सहायक नियंत्रक/निरीक्षक नापतौल विभाग ने सलाह दी है कि यदि कोई दुकान या संस्था पैकेज वस्तु को उस पर घोषित मूल्य से अधिक मूल्य पर विक्रय करता है तो इसकी शिकायत कार्यालय को करें।

## एक नजर में ▶ चार दिवसीय आयोजन में विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कार पाकर खिले चेहरे

# प्रतियोगिता से प्रतिभाओं को मिला अवसर, पुरस्कार पाना परिश्रम की सफलता : राखी कोठारी

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** श्री संयुक्त जैन महावीर जयंती उत्सव समिति के माध्यम से विश्व वंदनीय भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव पर आयोजित पुरस्कार वितरण एवं समापन के अवसर पर सागर साधना भवन मे आयोजित कार्यक्रम मे सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

पुरस्कार वितरण आयोजन की मुख्य अतिथि एसआर ग्रुप की मैनेजिंग डायरेक्टर राखी सुनिल कोठारी ने कहा कि चार दिवसीय आयोजन में विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से समाज की प्रतिभाओं को अवसर मिला हैं। पुरस्कार प्राप्त करना परिश्रम की सफलता का परिचायक है। आपने आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए सभी विजेताओं को बधाई दी। समिति संरक्षक चंद्रप्रकाश औस्तवाल ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहाँ की ऐसे आयोजनों प्रतियोगिताओं से हमारे समाज की प्रतिभाओं का विकास होता है।

समिति अध्यक्ष अभय कोठारी ने स्वागत करते हुए सभी प्रायोजक मंडलों का अभिनंदन किया। कोषाध्यक्ष कैलाश बारोड, महासचिव शिखर धारीवाल, दमहिला समिति संयोजिका अर्चना करनावट एवं चित्रा ओस्तवाल ने सभी संयोजिकाओं के अथक परिश्रम एवं सहयोग के लिए सभी का बहुमान किया। सभी प्रतियोगिताओं की संयोजिकाएं क्रमश: वर्षा रुनवाल, पायल पोखरना, आभा ठोरा, प्रियंका जैन,अंतिमा मेहता, रानी गोधा, चित्रा मेहता, प्रियंका चौरडिया, चेतना मांडोत, मोनिका पावेचा, मुस्कान चतर, पूजा गंगवाल, रुचि नाहर, प्रीति धारीवाल, विद्या कांठेड, सुप्रिया लुहाडिया, विनीता विन्यायका, प्रिया गंगवाल, शशि तलेसरा, पल्लवी ओस्तवाल, अंजू तांतेड, रानी सुराणा का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिताओं की श्रृंखला में स्व. श्रीमती सुशीला देवी धारीवाल स्मृति में जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता के प्रथम पुरस्कार अंजलि धम्मानी, द्वितीय पुरस्कार स्वाती रांका, तृतीय पुरस्कार अक्षिता हरण ने प्राप्त किया, उन्हे क्रमश: 2000, 1500 और 1000 की नकद राशी एवं स्मृति चिह्न देकर पुरस्कृत किया गया।



### ▶ विभिन्न प्रतियोगिताओं में इन्हें मिले पुरस्कार

रंगोली प्रतियोगिता जूनियर में प्रथम श्रेया चोपड़ा, द्वितीय देवांशी मेहता, तृतीय सहज टुकडिया, सीनियर वर्ग में प्रथम अंजलि धम्मानी, द्वितीय प्राची मारवाड़ी, तृतीय अक्षिता हरण, तत्काल भाषण प्रतियोगिता में जूनियर में प्रथम दर्शील, द्वितीय ग्रंथ कोचटा, तृतीय रेवांशी मेहता, सीनियर वर्ग में प्रथम नेहा, द्वितीय श्रीमती साक्षी मारवाड़ी, तृतीय हिमानु दसेड़ा। गवली प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में नव्या दख, द्वितीय मृदुल चप्परोद, तृतीय हीरव लुक्कड़, सीनियर वर्ग में प्रथम श्रीमती अंजलि धम्मानी, द्वितीय श्रीमती इशिका चंडालिया, तृतीय श्रीमती अक्षिता हरण, स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम श्रेया चोपड़ा, द्वितीय सौम्या चपरडोद, तृतीय सारिका जैन, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में प्रथम आयांश जैन, द्वितीय प्रियंक भंडारी, तृतीय अश्विका गंगवाल। सीनियर वर्ग में प्रथम इशिता कोठारी, द्वितीय शावी बारोड, तृतीय प्रिंसी बारोड, महिला वर्ग में प्रथम रीना कोठारी, द्वितीय सुप्रिया लुहाडिया, ज्ञान विज्ञान प्रदर्शनी के अंतर्गत प्रथम (चार गति) ईशवि मेहता, नवीका मेहता, परी मेहता आशिक पोरवाल द्वितीय (6 काया) आदि कोलन, वहान रांका ,संयम संघवी,हिया मेहता ,तृतीय पुरस्कार (यूनाइटेड जैनिज्म) महक पगारिया अवनी पगारिया अनिका पटवा अवधि पटवा को दिया गया।